Ans. (a) : राजस्थान के सभी जिलों में सामान्य लिंगानुपात 1000 से कम है (सर्वाधिक लिगांनुपात वाला जिला डूंगरपुर -994है)। लिगांनुपात का राष्ट्रीय औसत 943 है जबकि राजस्थान का लिंगानुपात 928 है। ग्रामीण क्षेत्र में सर्वाधिक लिंगानुपात 1000 से कम रहा है। इस प्रकार कथन (i), (ii) एवं (iv) सही हैं। राजस्थान के सभी जिलों का शहरी लिंगानुपात 1000 से कम रहा है। (सर्वाधिक शहरी लिंगानुपात वाला जिला टोंक-985 है)।

1268. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस जिले की जनसंख्या सबसे अधिक है?

(a) जैसलमेर (b) जोधपुर

(c) उदयपुर (d) जयपुर

Head Cleark Combined Exam-2018
स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा 2019

Ans. (d) :2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला जयपुर है, इसकी कुल जनसंख्या 66,26,178 है।

1269. सन् 2001-2011 के दौरान निम्नलिखित में से कौन से जिले में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि हुई।

(a) कोटा (b) जैसलमेर

(c) जोधपुर (d) बाड़मेर

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (d) : वर्ष 2001-2011 के दौरान सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि बाड़मेर (32.5%) में हुई है। उसके बाद क्रमशः जैसलमेर (31.8%) और जोधपुर (27.7%) है।

1270. राजस्थान में न्यूनतम महिला साक्षरता 2011 थी

(a) बाड़मेर (b) जैसलमेर

(c) जालौर (d) सिरोही

Junior Engineer Non TSP 2015
RPSC GK & Agronomy 29-08-2022

Ans. (c) : वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में न्यूनतम महिला साक्षरता वाले जिले निम्नलिखित हैं-

जालौर	-	38.5%
सिरोही	-	39.7%
जैसलमेर	-	39.7%
बाड़मेर	-	40.6%
प्रतापगढ़	-	42.4%

1271. 2001-2011 के दशक में राजस्थान के किस जिले की जनसंख्या वृद्धि दर न्यूनतम थी?

(a) झुन्झुनूं (b) गंगानगर

(c) बूँदी (d) पाली

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021
RPSC GK & Agronomy 29-08-202

Ans. (b) : 2001-11 के बीच न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर वाले जिले–

- श्रीगंगानगर – 10.0%
- झुंझुनू – 11.7%
- पाली – 11.9% + बूंदी -15.4%

2001-11 के दशक में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला बाड़मेर (32.5%) है।

1272. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में जिले का कौन सा युग्म उच्चतम और निम्नतम विकास दर दर्शाता है?

(a) जयपुर–अजमेर (b) जोधपुर–जयपुर

(c) बाड़मेर–गंगानगर (d) उदयपुर–अलवर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (c) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1273. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या वाला जिला कौन सा है?

(a) डूंगरपुर (b) बांसवाड़ा

(c) राजसमन्द (d) उदयपुर

Agriculture Superviser 2021

Ans. (d) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या वाला जिला उदयपुर(1,525,289) है जबकि सबसे कम अनुसूचित जनजाति वाला जिला बीकानेर (7,779) है। राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या वाली अनुसूचित जनजाति मीना/मीणा है। राजस्थान की प्रमुख अनुसूचित जनजातियाँ- मीणा, भील, नायकदा, गरासिया, डामोर, ढांका, सहरिया, कथोड़ी, पटेलिया, कोकना और कोली है।

1274. जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

जिले	लिंग अनुपात
(i) राजसमंद	(i) 994
(ii) डूंगरपुर	(ii) 983
(iii) पाली	(iii) 987
(iv) प्रतापगढ़	(iv) 990

कूट है-

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	iv	i	ii	iii
(b)	iv	i	iii	ii
(c)	i	iv	iii	ii
(d)	ii	i	iii	iv

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

	जिले		लिंगानुपात
(i)	राजसमंद	-	990
(ii)	डूंगरपुर	-	994
(iii)	पाली	-	987
(iv)	प्रतापगढ़	-	983

1275. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में जनसंख्या के घनत्व के घटते हुए क्रम में कौन-सा क्रम सही है? निम्नांकित दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

कूट–

(a) जयपुर–अलवर–दौसा–भरतपुर

(b) भरतपुर–जयपुर–अलवर–दौसा

(c) जयपुर–भरतपुर–दौसा–अलवर

(d) भरतपुर–जयपुर–दौसा–अलवर

RPSC RAS /RTS 2013
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022